Title: Re: Need to provide houses under Pradhan Mantri Awas Yojana (Grameen) to eligible villagers in Shahjahanpur Parliamentary Constituency.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): महोदय, माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के सभी आवास विहीन नागरिकों को आवास सुलभ कराए जाने हेतु संकल्प लिया है, जो स्वागत योग्य है और इसके लिए सभी देशवासी उनके आभारी हैं।

मुझे खुशी है कि माननीय प्रधानमंत्री जी की ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आवास उपलब्ध करा दिए गए हैं। लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर के ग्रामीण अंचलों में ऐसे ग्रामीण, जिन्होंने अपने सहारे के लिए दीवार बनाकर कोई टिन शेड या खपरेल डाल दी है, उनके लिए आवास का सपना अब तक साकार नहीं हो पाया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के ऐसे आवास विहीन ग्रामीणों को भी प्रधानमंत्री ग्राम आवास योजना के अधीन आवास उपलब्ध करवाए जाने हेतु कार्रवाई की जाए।